55

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–211/2025 11429 /पटना, दिनांक– 11.11.25

दिनांक 18.06.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 के अधीन Package No. MGSY/24-25/Muzaffarpur East-2/04 (Tender ID- 140747) हेतु दिनांक 09.05.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में संवेदक Randhir Kumar (Reg. No. 1200354) Add:- S/O Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode: 843128 (BID ID-615165) द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, कटिहार के पत्रांक 1168 दिनांक 16.03.2025 उद्धत समरूप अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया। इस संदर्भ में वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड कार्य प्रमंडल, कटिहार द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त Work Experience Certificate गलत है। अतः समरूप कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/गलत समर्पित करने के कारण इन्हें CMBD की कंडिका.– 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय गैर सरकारी प्रेषण संख्या–117 अनु0 दिनांक 01.08.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 8638 अनु0 दिनांक 08.08.2025 एवं 9216 दिनांक 27.08.2025 द्वारा द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Randhir Kumar (Reg. No. 1200354) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। जिसके आलोक में संवेदक अपना अभ्यावेदन विभाग में दिनांक 23.08.2025 एवं 01.09.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित निविदा में समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र एवं जॉच हेतु भेजे गये पत्र तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम से प्राप्त पत्र की प्रति उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

तद्आलोक में संवेदक द्वारा मॉगी गयी प्रतिवेदन की प्रति विभागीय पत्रांक 10971 अनु0 दिनांक 17.10.2025 द्वारा उपलब्ध कराते हुए उक्त निविदा में समर्पित गलत अनुभव प्रमाण–पत्र के संदर्भ में स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/ संवेदक Randhir Kumar (Reg. No. 1200354) Add:- S/O Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode: 843128 के निबंधन संख्याः–1200354 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

10.11.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

कृ0प0उ0

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 11409 /पटना, दिनांक– 11.11.25

प्रतिलिपि– संवेदक Randhir Kumar, Add:- S/O Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode: 843128 को सूचनार्थ प्रेषित।

10.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 11409 /पटना, दिनांक– 11.11.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 11409 /पटना, दिनांक– 11.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 11409 /पटना, दिनांक– 11.11.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.11.25
अभियंता प्रमुख